मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्षः 8 अंक 10
बुधवार, 16 जुलाई 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## मुंबई में मूसलाधार बारिश, निचले इलाके जलमग्न

◆ट्रैवल एडवाइजरी जारी
◆घर से निकलने से पहले चेक कर लें फ्लाइट स्टेट्स



**मुंबई, 15 जुलाई।** मुंबई के पश्चिमी उपनगरों जैसे बांद्रा, अंधेरी, गोरेगांव और पूर्वी उपनगरों जैसे मुलुंड, विक्रोली में पिछले आधे घंटे से भारी बारिश जारी है। शहर में जलभराव के कारण अंधेरी सबवे को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। अंधेरी, विलेपार्ले, सांताक्रूज, खार और बांद्रा जैसे क्षेत्रों में पानी भर गया है, जबकि बीकेसी, कुर्ला, चेंबूर, घाटकोपर और भांडुप में भी भारी बारिश का सिलसिला जारी है। यहां भी निचले इलाकों में जलभराव होने से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है।इन घटनाक्रमों के बीच, मुंबई पुलिस ने निवासियों को तटीय और निचले इलाकों में जाने से बचने की सलाह दी है, क्योंकि भारत मौसम विज्ञान विभाग (क्टऊ) ने मंगलवार को शहर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने ट्वीट करते हुए कहा कि 2 फीट पानी जमा होने के कारण, अंधेरी पश्चिम, मुंबई में अंधेरी सबवे को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है और गोखले ब्रिज के रास्ते डायवर्ट किया गया है।

ठाणे और पुणे के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि रायगढ़ के लिए रेड अलर्ट और पालघर के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। अपने नियमित बुलेटिन में, आईएमडी ने कहा कि अगले चार दिनों में मुंबई और आसपास के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। आईएमडी ने आगे कहा कि अगले 3-4 घंटों में मुंबई और ठाणे के कुछ हिस्सों में मध्यम बारिश होने की संभावना है और कुछ इलाकों में गरज, बिजली और तेज हवाएँ भी चल सकती हैं। शहर में भारी बारिश के कारण उड़ान संचालन प्रभावित होने के कारण, विभिन्न एयरलाइंस ने एडवाइजरी जारी की है, जिसमें यात्रियों से हवाई अड्डे तक पहुँचने के दौरान संभावित यातायात समस्याओं के प्रति सचेत रहने का आग्रह किया गया है। इंडिगो ने ट्वीट करते हुए कहा कि इस समय मुंबई में भारी बारिश हो रही है, जिससे उड़ानों के शेड्यूल में कुछ अस्थायी व्यवधान आ रहा है। अगर आप आज यात्रा कर रहे हैं, तो कृपया संभावित देरी के प्रति सचेत रहें और अपनी यात्रा के लिए अतिरिक्त समय दें, खासकर जब यातायात सामान्य से धीमा हो।

## मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त



**मणिपुर, 15 जुलाई।** मणिपुर पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) ने मंगलवार को पहाड़ी राज्य में 86 हथियार और 974 गोला-बारूद बरामद किए, जो पिछले कुछ वर्षों में घातक जातीय संघर्ष का गवाह रहा है। समाचार एजेंसी एएनआई ने मणिपुर डीजीपी कार्यालय के हवाले से बताया कि संयुक्त अभियान में, बलों ने इम्फाल पूर्व, इम्फाल पश्चिम, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिले के इलाकों में ग्रेनेड, आईईडी, एके सीरीज और इंसास राइफलें, पिस्तौल, दंगा-रोधी बंदूकें और एसबीबीएल जब्त किए।

3 जुलाई की रात और 4 जुलाई की सुबह, इसी तरह के एक अभियान में, मणिपुर पुलिस ने राज्य के पहाड़ी जिलों में व्यापक तलाशी अभियान के दौरान 200 से ज्यादा हथियार बरामद किए। ये छापे अवैध हथियारों पर अंकुश लगाने और क्षेत्र में शांति बहाल करने के चल रहे प्रयासों का हिस्सा हैं। राज्य में कानून-व्यवस्था स्थिर रहने के बीच, पुलिस ने तलाशी अभियानों में हथियारों और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया।

ये अभियान मणिपुर पुलिस, असम राइफल्स, सेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों द्वारा शुरू की गई व्यापक कार्रवाई का हिस्सा हैं। पिछले हफ़्ते, मणिपुर पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ़्तार किया, जिनमें मैतेई संगठन अरम्बाई तेंगोल के छह सदस्य और एक प्रतिबंधित संगठन के तीन उग्रवादी शामिल थे। सभी गिरफ़्तारियाँ बिष्णुपुर ज़िले में की गईं। पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि अरम्बाई तेंगोल के छह सदस्य 9 जून को बिष्णुपुर ज़िले में बंद के दौरान राज्य पुलिसकर्मियों पर शारीरिक हमला करने में शामिल थे। वहीं, मणिपुर में तीन प्रतिबंधित संगठनों के पांच उग्रवादियों सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

## राहुल गांधी पर धर्मेंद्र प्रधान ने साधा निशाना




**नई दिल्ली, 15 जुलाई।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को ओडिशा के बालासोर में 20 वर्षीय छात्र की मौत पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी की कड़ी आलोचना की। प्रधान ने गांधी पर एक संवेदनशील मुद्दे पर सस्ती राजनीति करने का आरोप लगाया और उनसे माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है, लेकिन कांग्रेस इसका इस्तेमाल राजनीतिक फायदे के लिए कर रही है। उन्होंने गांधी पर तुच्छ मानसिकता का आरोप लगाया।

धर्मेंद्र प्रधान ने एक्स पर लिखा कि राहुल गांधी और कांग्रेस का ओडिशा की बेटी के साथ हुए दुखद घटना पर ओछी राजनीति बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। एक गंभीर और संवेदनशील मामले को राजनीतिक हथियार बनाना राहुल गांधी की सस्ती मानसिकता को दर्शाता है। ओडिशा की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है, लेकिन कांग्रेस ने इसे भी अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का मौका बना लिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी और भाजपा ने हमेशा महिलाओं की सुरक्षा और न्याय के लिए ठोस कदम उठाए हैं, जबकि कांग्रेस ने हमेशा हर दुर्घटना में अवसर तलाशने का काम किया है।

भाजपा नेता ने दावा किया कि इस घटना पर ओडिशा सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। मगर, यह समय सस्ती राजनीति का नहीं, बल्कि पीड़िता के परिवार को न्याय दिलाने का है। राहुल गांधी को अपने इस गैर-ज़िम्मेदाराना बयान के लिए पीड़ित परिवार से तुरंत माफी मांगनी चाहिए।

इससे पहले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ओडिशा के बालासोर में आत्मदाह करने वाली छात्रा की मौत के बाद मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सिस्टम ने इस लड़की की हत्या की है।

## झारखंड के 19 जिलों में भारी बारिश, मौसम विभाग ने अचानक बाढ़ की चेतावनी जारी की



**रांची, 15 जुलाई।** पिछले कई सालों बाद मैदानी इलाकों में बारिश खुलकर हो रही है। जहां कुछ जगहों पर बारिश वरदान बन रही हैं वहीं दूसरी कई जगहों पर बारिश लोगों के जनजीवन को प्रभावित कर रही है। पहाड़ों पर बारिश के कारम काफी ज्यादा समस्या उत्पन्न हुई। बादल फटे, भूस्खलन हुए। वहीं कई जगहों पर बाढ़ भी आयी है। भारी बारिश के कारण नदियां उफान पर हैं। बाढ़ की ताजा चेतानवी झारखंड में जारी हुई है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने झारखंड के कई हिस्सों में भारी बारिश के अनुमान के बीच राज्य के 19 जिलों के लिए अचानक बाढ़ की चेतावनी जारी की है। आईएमडी के सुबह के बुलेटिन में गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, लातेहार, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, गढ़वा, पलामू, कोडरमा, गिरिडीह, जामताड़ा, देवगढ़, दुमका और रांची जिलों के लिए बुधवार शाम साढ़े पांच बजे तक अचानक बाढ़ की चेतावनी जारी की गई है।

बुलेटिन में कहा गया है कि मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे से बुधवार सुबह साढ़े आठ बजे तक गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, कोडरमा और हजारीबाग में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने 16 जुलाई सुबह साढ़े आठ बजे से 17 जुलाई सुबह साढ़े आठ बजे तक पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा और गिरिडीह के लिए भी इसी तरह की चेतावनी जारी की है।

मौसम विभाग ने बुधवार सुबह साढ़े आठ बजे तक रांची सहित झारखंड के 10 जिलों के लिए भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के उप निदेशक अभिषेक आनंद ने कहा कि राज्य में 17 जुलाई तक दबाव क्षेत्र बनने और मानसून के प्रभाव से व्यापक वर्षा होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि कुछ जिलों में 17 जुलाई की सुबह साढ़े आठ बजे तक भारी से अत्यधिक भारी वर्षा हो सकती है।

आनंद ने कहा, पश्चिम बंगाल के मध्य भाग में बना दबाव का क्षेत्र पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ गया है और मंगलवार सुबह साढ़े पांच बजे तक यह झारखंड के ऊपर केंद्रित था। अगले 24 घंटों के दौरान इसके झारखंड और उससे सटे दक्षिण बिहार से होते हुए पूर्वी उत्तर प्रदेश की ओर पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। सोमवार रात से झारखंड के अधिकतर हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा हुई।

भारी वर्षा के पूर्वानुमान को देखते हुए पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम प्रशासन ने मंगलवार को स्कूलों को बंद करने की घोषणा की। पश्चिमी सिंहभूम प्रशासन ने लोगों से नदियों के पास जाने से बचने को भी कहा क्योंकि वे उफान पर हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में एक जून से 14 जुलाई के बीच 62 प्रतिशत अतिरिक्त वर्षा दर्ज की गई है। इस अवधि के दौरान राज्य के पूर्वी क्षेत्र में 527.6 मिलीमीटर वर्षा हुई, जबकि सामान्यतः 326 मिलीमीटर वर्षा होती है।

## जनता की समस्याओं के निस्तारण के लिए कटिबद्ध है सरकारः मुख्यमंत्री शर्मा



**जयपुर, 15 जुलाई।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार संवेदनशीलता के साथ सेवा को अपना मूल मंत्र मानते हुए आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने राज्य भर में जनसुनवाई का ऐसा तंत्र विकसित किया है जो शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के साथ ही जरूरतमंद को त्वरित सुविधाएं और सेवाएं उपलब्ध कराने में कारगर साबित हो रहा है।

शर्मा मुख्यमंत्री निवास पर नियमित जनसुनवाई कर रहे थे। उन्होंने आमजन की शिकायतों को सुना तथा अधिकारियों को उनके संतोषपूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। आधिकारिक बयान के अनुसार, इस अवसर उन्होंने कहा कि अधिकारी सुराज के संकल्पों को साकार करने की दिशा में आमजन को बुनियादी सुविधाएं नियमित और निर्बाध रूप से उपलब्ध कराएं।

उन्होंने कहा कि जनकल्याण ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, कृषि, गृह, राजस्व, सिंचाई, परिवहन, पशुपालन, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, मनरेगा तथा ऊर्जा सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी जनता की शिकायतों को सुना और उनका मौके पर ही निस्तारण किया।

इससे पहले शर्मा ने सावण माह के पहले सोमवार के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास स्थित राजराजेश्वरी मंदिर में भगवान शिव का सहस्त्र अभिषेक किया। मुख्यमंत्री ने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

## चार इंजन वाली सरकार पूरी तरह नाकामः केजरीवाल



**नई दिल्ली, 15 जुलाई।** आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि चार इंजन वाली सरकार लोगों के लिए पूरी तरह से विफल रही है। उन्होंने लगातार दो दिनों तक शैक्षणिक संस्थानों को बम से उड़ाने की धमकियों के बाद दिल्ली की कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चिंता जताई। द्वारका के एक स्कूल और प्रतिष्ठित सेंट स्टीफंस कॉलेज को मंगलवार सुबह बम की धमकियाँ मिलीं, जिसके बाद अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई की और गहन तलाशी अभियान चलाया। सोमवार को भी तीन स्कूलों को इसी तरह की धमकियाँ भेजी गईं, लेकिन ये सभी झूठी निकलीं।

अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर लिखा कि दिल्ली में ये क्या हो रहा है? कल दो स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली और आज एक और स्कूल और कॉलेज को धमकी मिली है। बच्चे डरे हुए हैं, अभिभावक बेहद चिंतित हैं।इखढ की चार-चार इंजन वाली सरकारें पूरी तरह से फेल हो चुकी हैं। आप की एक अन्य नेता आतिशी ने आरोप लगाया कि दिल्ली में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है और उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में पूछा कि क्या भाजपा सरकार के लिए छात्रों की सुरक्षा कोई मायने नहीं रखती।

आर के मीडिया
हिन्दी दैनिक न्यूज पेपर, साप्ताहिक न्यूज पेपर, हिन्दी मासिक पत्रिका का पेज बनबाने के लिए
सम्पर्क करेः 9199355950









# स्वास्थ्य बनाम स्वादः समोसा और जलेबी से सावधान!



-ललित गर्ग

-भारत जैसे विविधताओं वाले देश में जहां हर नुक्कड़ पर समोसे की महक और जलेबी की मिठास लोगों को आकर्षित करती है, वहीं यह स्वादिष्ट व्यंजन अब स्वास्थ्य के लिए खतरे की घंटी बनते जा रहे हैं। हमारी परंपराओं और खानपान में गहराई से जुड़े समोसा, कचोरी और जलेबी जैसे तली-भुनी और अत्यधिक मीठी चीजें अब मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों का प्रमुख कारण बन गई हैं। इन्हीं कारणों से देशभर में एक जागरूकता अभियान शुरू करने की आवश्यकता को महसूस करते हुए जनजागृति अभियान शुरू हुआ है। तले हुए व्यंजनों के उपभोग को कम करने की दिशा में किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय एवं बढ़ती स्वास्थ्य चिन्ताओं को देखते हुए क्रांति का शंखनाद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिट इंडिया अभियान के तहत तेल और चीनी का उपभोग कम करने का आह्वान किया था। केन्द्र सरकार की सक्रियता से जैसे सिगरेट के पैकेट पर स्वास्थ्य चेतावनी होती है, ठीक वैसी ही चेतावनी इन तैलीय और मीठे खाद्य पदार्थों के बारे में जारी होगी। बड़े पैमाने पर इस बात का प्रचार रेडियो एवं अन्य टीवी चैनलों के माध्यमों से किया जा रहा है कि तैलीय या जरूरत से ज्यादा मीठे खाद्य पदार्थों के उपभोग से दूर रहा जाए।

मोटापे एवं अन्य असाध्य बीमारियों की गंभीर स्थिति से जुड़े चौंकाने वाले तथ्य चिन्ताजनक है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ चीनी और ट्रांस वसा को मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग के मुख्य कारणों में गिनते हैं। भारत में हर 5 में से 1 व्यक्ति मोटापे का शिकार है, और इसके पीछे मुख्य कारण अत्यधिक तला-भुना भोजन है। दुनिया में मोटापे के मामले में भारत दूसरे नम्बर पर है। डब्लूएचओ के अनुसार, भारत में डायबिटीज के मरीजों की संख्या 2045 तक 13.4 करोड़ तक पहुंच सकती है, जो दुनिया में सबसे अधिक होगी। बच्चों में बढ़ती मोटापे की दर का एक बड़ा कारण स्कूलों के आसपास मिलने वाले समोसा, कचोरी, बर्गर जैसी चीजें हैं। समोसा और कचोरी जैसी चीजों को बार-बार एक ही तेल में तला जाता है, जिससे उसमें ट्रांस फैट और कैंसरकारी तत्व (ऐक्रिलामाइड) पनपने लगते हैं। ये हृदय की धमनियों को सख्त कर देते हैं और कोलेस्ट्रॉल बढ़ाते हैं। जलेबी को चीनी के गाढ़े सिरप-चासनी में डुबोया जाता है, जिससे शरीर में तुरंत ग्लूकोज की मात्रा बढ़ती है। यह स्थिति इंसुलिन रेजिस्टेंस, टाइप-2 डायबिटीज और फैटी लिवर जैसी बीमारियों को न्योता देती है। समोसा और



कचोरी में मैदा का अत्यधिक उपयोग होता है, जो पाचन को धीमा करता है। इससे गैस, कब्ज, अम्लपित्त और मोटापा जैसे विकार उत्पन्न होते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समय-समय पर देशवासियों को न केवल सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए प्रेरित किया है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का भी आह्वान किया है। हाल ही में उन्होंने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए देशवासियों से खाद्य पदार्थों में तेल की मात्रा कम करने और मोटापे जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचने की अपील की है। मोदी ने इस बढ़ती स्वास्थ्य समस्या पर चिंतन करते हुए कहा हमें अपने खान-पान में बदलाव करना होगा। कम तेल, कम नमक और कम चीनी-यही स्वास्थ्य की कुंजी है। मोदी का आह्वान -तेल कम करें, जीवन स्वस्थ बनाएं है। क्योंकि अति तेल में तंदुरुस्ती नहीं, बीमारी का प्रवेश द्वार है। ध्यान रहे, देश में मोटापा बढ़ रहा है और इसके खिलाफ जागरूकता भी बढ़ रही है। यह भी कहा गया है कि लोग अपने भोजन में तेल को कम करके विकसित भारत बनाने में सहायक हो सकते हैं। इसी कड़ी में समोसे, जलेबी और स्वास्थ्य के लिए घातक व्यंजनों को अगर आधिकारिक रूप से निशाने पर लिया गया है, तो अचरज की बात नहीं, बल्कि वक्त की बड़ी जरूरत है।

भारत में रसोई का अभिन्न हिस्सा है तेल। परंतु आज जिस प्रकार से हर व्यंजन में अत्यधिक तेल का प्रयोग बढ़ता जा रहा है, इससे मोटापा भारत की बड़ी स्वास्थ्य समस्या बन गयी है, उसने अन्य अनेक बीमारियों को प्रोत्साहन देते हुए स्वास्थ्य संकट को जन्म दे दिया है। तले-भुने खाद्य पदार्थ जैसे समोसा, कचोरी, पकौड़ी, पूड़ी, जलेबी, फास्ट फूड, आदि मोटापा, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसी बीमारियों का कारण बनते जा रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य संस्थानों को कैफेटेरिया और सार्वजनिक स्थानों पर साफ तौर पर ह्यतेल और चीनी के चेतावनी बोर्डह्न लगाने का निर्देश दिया गया है। ये सूचनात्मक पोस्टर खासे लोकप्रिय खाद्य पदार्थों में वसा और चीनी की मात्रा को उजागर करेंगे। तले हुए और चीनी से भरपूर खाद्य पदार्थों को हतोत्साहित करने का समय आ गया है। इसकी शुरूआत अस्पतालों में चल रहे लापरवाह रेस्तरां से होनी चाहिए। तमाम रेस्तरां और मिष्ठान भंडारों पर इस चेतावनी को लटकाना आवश्यक है। ऐसा नहीं है कि लोग समोसा या जलेबी खाना छोड़ देंगे, पर उनमें सजगता आएगी। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. बिमल छाजेड़ पिछले तीन दशकों से ह्यजीरो ऑयलह्न की खानपान पद्धति के माध्यम से हृदय रोगियों का प्रभावी इलाज कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

प्रधानमंत्री ने स्वस्थ जीवनशैली के सूत्र प्रस्तुत करते हुए जनता से आह्वान किया है कि तेल का सीमित उपयोग करते हुए पकवानों को तलने के बजाय भूनें, उबालें या भाप में पकाएं। शारीरिक गतिविधि बढ़ाने के लिये रोजाना योग, प्राणायाम, टहलना या व्यायाम करें। घर में जंक फूड बंद करें, बच्चों को ताजे फल, सूखे मेवे, अंकुरित अनाज दें। रोगों से नहीं, आदतों से लड़ें। खानपान में नियंत्रण सबसे बड़ा उपचार है। अतः बचाव के उपाय जरूरी हैं। पिछले दिनों, हर व्यक्ति से अपने भोजन में तेल की खपत को दस प्रतिशत तक कम करने की अपील की गई है। कुछ लोग अवश्य सुधार की ओर बढ़े होंगे और अब जब समोसे, जलेबी जैसे खाद्य पदार्थों पर चेतावनी रहेगी, तो खानपान में सुधार की गति को और बल मिलेगा। मोदीजी के नेतृत्व में शुरू हुआ ह्यफिट इंडिया मूवमेंटह्न सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का संदेश है। यह देश को बीमारियों के बोझ से मुक्त करने की दिशा में उठाया गया क्रांतिकारी कदम है। इस आंदोलन में लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि स्वस्थ व्यक्ति ही समृद्ध राष्ट्र का निर्माण करता है। फिट इंडिया अभियान में ज्यादा ईमानदारी की जरूरत है और साथ ही, शुद्ध भोजन के लिए जिम्मेदार सरकारी महकमों को ईमानदारी से ज्यादा सचेत एवं सावधान होना पड़ेगा। आज अनेक प्रकार के विदेशी व्यंजन भी बाजारों में उपलब्ध हैं, इनमें से ज्यादातर व्यंजनों में मैदा, तेल, कृत्रिम रंग और रसायन का खतरनाक उपयोग हो रहा है। ऐसा कतई नहीं लगना चाहिए कि केवल भारतीय व्यंजनों को निशाना बनाया जा रहा है। दूसरी अहम बात, खाने और बनाने वालों, दोनों को जागना होगा। अनेक हलवाइयों की दुकानों पर एक ही तेल का बार-बार प्रयोग, खराब या गलत सामग्रियों का इस्तेमाल तत्काल रुकना चाहिए। आज जरूरत है कि हम सिर्फ स्वाद के गुलाम न बनें, बल्कि अपने शरीर की सुनें। एक जिम्मेदार समाज वही है जो अगली पीढ़ी को स्वाद के नाम पर बीमारियां नहीं, स्वस्थ आदतें सौंपे। एक ऐसी पीढ़ी तैयार हो रही है, जो स्वाद के पीछे स्वास्थ्य को त्याग रही है। यह चेतावनी नहीं, चेतना का संदेश है कि यदि अब भी नहीं सुधरे, तो आने वाली पीढ़ियाँ बीमारियों से जूझती रहेंगी। तो आइए, हम सब मिलकर संकल्प लें कि तेल कम करेंगे, चलना बढ़ाएंगे, जीवन को लंबा और स्वस्थ बनाएंगे! विशेषतः व्यापारियों, रेस्टोरेंट मालिकों एवं हलवाइयों के लिये सरकार को कड़े प्रावधान बनाने होंगे। पैसा कमाने के चक्कर में देश के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को खुला नहीं छोड़ना चाहिए। जब दूध और पनीर की गारंटी न हो, तब हमें सोचना पड़ेगा कि केवल चेतावनी से सुधार नहीं आने वाला। गुणवत्ता सुनिश्चित करने वाले महकमों और अधिकारियों को युद्ध स्तर पर सक्रिय होना पड़ेगा, तभी हम फिट इंडिया के ख्वाब को साकार कर पाएंगे।

# बिहार चुनाव आयोग की फुल प्रूफ मतदाता सूची बनाने की कवायद



अशोक भाटिया

आज के कई प्रमुख समाचार पत्रों में बिहार चुनाव आयोग के छपे विज्ञापन के अनुसार जो मतदाता बिहार से अस्थाई रूप से राज्य से बाहर हैं और यदि उनके पास अभी मोबाइल फोन है तो वे भी गणना प्रपत्र तुरंत भर सकते है यानि चुनाव आयोग किसी भी योग्य मतदाता को चुनाव में भाग लेने से वंचित नहीं रखना चाहता । जो बिहार से बाहर है वे ईसीआईएनईटी ऐप या वेबसाइट ३३स्त्र२://५ङ्क३ी१२ ल्ल्िङ्क५.ल्ल के जरिए मोबाइल से ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। वे यह फॉर्म परिवार के सदस्यों, व्हाट्सऐप या अन्य डिजिटल माध्यमों से भी संबंधित बीएलओ को भेज सकते हैं।चुनाव आयोग द्वारा हाल ही में लॉन्च किया गया ईसीआईएनईटी प्लेटफॉर्म 40 पुराने ईसीआई एप्लिकेशनों को समाहित कर एकीकृत प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य कर रहा है। यह प्लेटफॉर्म बिहार के इस विशेष पुनरीक्षण अभियान के सभी पहलुओं को कवर कर रहा है और कुशलतापूर्वक संचालित हो रहा है।

बताया जाता है कि बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान जारी है। अब तक की प्रक्रिया के तहत 35 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम सूची से हटाया जाना तय है। इनमें वे लोग शामिल हैं जो या तो मृत पाए गए हैं, स्थायी रूप से अन्य स्थानों पर स्थानांतरित हो चुके हैं या जिनका नाम एक से अधिक जगह है। चुनाव आयोग ने सोमवार को बताया कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान अब तक 83।66 फीसदी गणना फॉर्म प्राप्त हो चुके हैं।

आयोग के अनुसार, अब तक के आंकड़ों से पता चला है कि 1.59 फीसदी (12,55,620) मतदाता मृत पाए गए हैं, जबकि 2.2 फीसदी (17,37,336) मतदाता स्थायी रूप से अन्य स्थानों पर स्थानांतरित हो चुके हैं। इसके अलावा, 0।73 फीसदी (5,76,479) मतदाता एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत पाए गए हैं। आयोग के अनुसार, इन आंकड़ों के आधार पर कुल 35,69,435 नाम मतदाता सूची से हटाए जाएंगे। यह संख्या अंतिम नहीं है और आगामी दिनों में इसमें वृद्धि संभव है, क्योंकि अब भी फॉर्म भरने की प्रक्रिया जारी है। आयोग ने बताया, राज्य में कुल 7,89,69,844 मतदाताओं में से अब तक 6,60,67,208 मतदाताओं के फॉर्म प्राप्त हो चुके हैं। अब केवल 11.82 फीसदी मतदाता ही बचे हैं, जिनसे फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूरी करनी है। गणना फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि तक अभी 11 दिन शेष हैं। अब केवल 11.82 प्रतिशत मतदाताओं द्वारा गणना फॉर्म जमा किया जाना शेष है। इनमें से कई ने आने वाले दिनों में दस्तावेजों के साथ फॉर्म जमा करने के लिए समय मांगा है। आयोग के अनुसार, चुनाव आयोग द्वारा हाल ही में लॉन्च किए गए ईसीआई -नेट प्लेटफॉर्म पर सोमवार की शाम छह बजे तक 5.74 करोड़ फॉर्म अपलोड किए जा चुके हैं।

आयोग ने आश्वासन दिया कि ह्यकोई भी पात्र मतदाता छूट न जाएह्न सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही एक लाख बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) घर-घर जाकर तीसरे राउंड का दौरा शुरू करेंगे। उनके साथ 1।5 लाख बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) भी सहयोग कर रहे हैं, जो प्रतिदिन 50 गणना फॉर्म प्रमाणित और जमा कर सकते हैं। शहरी क्षेत्रों के मतदाताओं को ध्यान में रखते हुए, बिहार के 261 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के 5,683 वार्डों में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं ताकि कोई भी शहरी मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रह जाए।

गौरतलब है कि बिहार विधानसभा की 243 सीटों के लिए चुनाव अक्टूबर या नवंबर में होने हैं, लेकिन इससे पहले ही गरमागरम बहस हो गई है और वो है मतदाता सूची की समीक्ष-ा। बिहार चुनाव आयोग के अमले मतदाता सूची की समीक्षा शुरू कर देंगे और उससे पहले ही कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव और कुछ विपक्षी दलों ने उन पर हमला करना शुरू कर दिया है।भाजपा की चाल बिहार मतदाता सूची की समीक्षा करने के लिए बहुत कम समय देना और विभिन्न मानदंडों के साथ आना और अधिकांश मतदाताओं को मतदान से वंचित करना है। इसमें राजनीति है। लेकिन राहुल गांधी हों या तेजस्वी यादव, वे सिर्फ अपने राजनीतिक उद्देश्यों को हासिल करना चाहते हैं।

पिछले दिनों बिहार की मतदाता सूची की समीक्षा में जो कुछ चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। इनसे निपटने के बजाय, अगर भाजपा विपक्षी दलों पर केवल गैर-मुद्दे उठाने और चुनाव आयोग का समय बर्बाद करने का आरोप लगाती है तो नाराज होने का कोई कारण नहीं है।म्यांमार और बांग्लादेशियों के नाम बड़ी संख्या में पाए गए हैं। आयोग ने ही यह खुलासा किया है। इसलिए, विपक्षी दलों के लिए इस पर कटाक्ष करने का कोई कारण नहीं है।

इसलिए, उचित जांच के बाद, इन अवांछित मतदाताओं को मतदाता सूची से हटाए जाने के बाद ही अंतिम सूची 30 सितंबर को प्रकाशित हो रही है , जिसने विपक्ष को परेशान कर दिया है, क्योंकि नकली नकारात्मक की उनकी चाल उनके ध्यान में आई है। यह है। ऐसी प्रक्रिया 2003 में शुरू हुई थी। तब से प्रक्रिया 2026 में फिर से शुरू हुई है। बीच-बीच में काफी पानी बह गया।

मतदान का अधिकार लोकतंत्र की आत्मा है। यह अधिकार केवल देश के नागरिकों का है। लेकिन बिहार जैसे राज्य में बंगाली घुसपैठियों के नाम पाए गए हैं और उनमें म्यांमार और नेपाली घुसपैठिए पाए गए हैं। चुनाव आयोग द्वारा शुरू की गई मतदाता सूची की जांच में यह गंभीर मामला सामने आया है। दिलचस्प बात यह है कि यह पता चला है कि उसने आधार कार्ड और राशन कार्ड का भी इस्तेमाल किया है। राजनीतिक दलों ने उन्हें ये आधार कार्ड वितरित किए होंगे। यहां तक कि मुंबई के बांद्रा के बेहरामपाड़ा में भी कई मतदाताओं को लाया गया और उन्हें हर तरह की मदद दी गई और हमारे राजनीतिक दल सबसे आगे थे। यह उनमें से एक है।भारत एक लोकतांत्रिक देश के रूप में जाना जाता है, लेकिन यह दुखद वास्तविकता है कि लोकतंत्र के मूल स्तंभों को रौंदा जा रहा है। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को स्पष्ट कर दिया है कि आधार कार्ड किसी भी नागरिक की पवित्रता का प्रमाण नहीं है। यह किसी को भी और किसी भी तरह आधार कार्ड के वितरण में परिलक्षित होता है। कुछ भी हासिल नहीं हुआ और तब आरोप लगे कि आधार कार्ड के कारण केवल फर्जी नागरिकों को पंजीकृत किया गया था।

उस समय आधार कार्ड पर कितना भरोसा किया जाए यह सवाल उठा था और अब इसे मजबूत किया गया है। मतदाता सूची को क्रम में रखना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है और यदि कोई घोटाला हुआ है, तो लोकतांत्रिक प्रक्रिया का कोई मतलब नहीं है, इसलिए किसी भी मतदाता सूची का मुख्य उद्देश्य फर्जी मतदान को रोकना है। यदि यह गलत है, तो अगली प्रक्रिया का कोई मतलब नहीं है। देश की सुरक्षा और संप्रभुता को चुनौती दी गई है। कोई भी देश इसे स्वीकार नहीं करेगा, लेकिन कांग्रेस समेत कुछ विपक्षी दलों का रुख मतदान प्रक्रिया में बाधा बन रहा है। तेजस्वी यादव ने बिहार चुनाव में आधार कार्ड न होने पर आपत्ति जताई है। लेकिन उनका विरोध बहुत समझ में आता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में मतदान प्रक्रिया काफी जटिल है; लेकिन भारत में ऐसा नहीं है। आयोग की यह कठिन जिम्मेदारी है कि वह प्रत्येक योग्य मतदाता को विशाल जनसंख्या और कुछ अरब मतदाताओं की सूची के आधार पर मतदान का अधिकार दे। आयोग इन सभी को पार करके मतदान को सही तरीके से संचालित करने का काम करता है, लेकिन सीमावर्ती राज्य हैं जहां ऐसे फर्जी मतदाता पाए जाते हैं।

अगर आयोग उन्हें मतदाता सूची से चट्टान की तरह हटाने का काम कर रहा है, तो इसे चुनौती देना और बाधा डालना कितना उचित है? सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, दोनों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि देश किसी भी चुनाव से बड़ा होता है और चुनाव में हार-जीत से ज्यादा देश की संप्रभुता और देश की सुरक्षा जरूरी होती है।इसके बारे में सभी को पता होना चाहिए। बिहार में चुनाव आयोग ने मतदाता सूची की समीक्षा शुरू कर दी है और पहले से ही विरोधी आवाजें हैं। लेकिन हर योग्य उम्मीदवार को वोट देने का अधिकार मिलना चाहिए, साथ ही आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कुछ योग्य मतदाता मतदान से वंचित न रहें। घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची में आने से रोकने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए और बलिदान दिए जाने चाहिए। लेकिन इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए कि इससे देश को भारी नुकसान होगा।

जिन लोगों के नाम एक अगस्त को जारी होने वाली मतदाताओं की ड्राफ्ट सूची यानी मसौदा सूची में नहीं होंगे तो वो क्रमशः मतदान रजिस्ट्रेशन अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी और फिर राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपील दायर कर अपने प्रमाणपत्रों के साथ दावा कर सकते हैं। वोटर्स की फाइनल लिस्ट 30 सितंबर को प्रकाशित होगी।

इस बीच आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, चुनाव आयोग बता रहा है कि 80 प्रतिशत से ज्यादा फॉर्म भरा जा चुका है। हम लोगों का फॉर्म अभी तक नहीं भराया है। आयोग को बताना चाहिए कि उनका जो दावा है 80 फीसदी से ज्यादा फॉर्म भरा जा चुका है, वह सच है या फिर क्या है। चुनाव आयोग नहीं बता रहा है कि जो फॉर्म भर गया है, उसमें कितना सत्यापित और असली है।फील्ड से उन लोगों को बताया गया कि हमें तो जानकारी तक नहीं है कि उनका फॉर्म भरा जा चुका है। चुनाव आयोग का दावा जमीनी हकीकत से विपरीत है।

# छांगुर गैंगः धर्मांतरण की आड़ में गजवा-ए-हिन्द का षड्यंत्र



-सुरेश गांधी

यूपी के बलरामपुर से उठा धर्मांतरण का एक संगठित और सुनियोजित षड्यंत्र आज न सिर्फ पूरे राष्ट्र की आत्मा को झकझोर रहा है, बल्कि भारत के सामाजिक ताने-बाने के विरुद्ध छेड़ी गई एक सुनियोजित लड़ाई का प्रतीक बनकर उभरा है। यह सिर्फ धर्मांतरण नहीं, एक वैचारिक हमला है, जिसमें विदेशी धन, कट्टरपंथी सोच और निरीह गरीबों की मजबूरी को एक हथियार बनाया गया। नाम है, ह्यछांगुर बाबाह्न, असली नाम जमालुद्दीन। यह वही चेहरा है, जिसने स्वयं को पहले हिंदू संत के रूप में प्रस्तुत किया, फिर ह्नसूफी संतह्न, और आखिरकार इस्लामिक एजेंट की तरह ह्यगजवा-ए-हिन्दह्न की जहरीली बुनियाद डालने में जुट गया। धर्मांतरण का यह रैकेट न केवल सामाजिक ढांचे को तोड़ रहा है, बल्कि सीधे-सीधे राष्ट्रविरोधी एजेंडे का भी हिस्सा बन चुका है। छांगुर बाबा का नेटवर्क यूपी, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, असम, दिल्ली, राजस्थान, और महाराष्ट्र तक फैला है। उसके माध्यम से भोले-भाले दलितों, आदिवासियों और निर्धन वर्ग को चमत्कार, तंत्र-मंत्र और झूठे इलाज के बहाने मजहबी जाल में फंसाया गया। धर्म परिवर्तन के बाद हिन्दू रीति-रिवाजों का त्याग और नव इस्लामी पहचान की कठोर सीख दी गई। ये कार्य अकेले नहीं, बल्कि एक संगठित टीम, फंडिंग, और विचारधारा के साथ हो रहे थे। यह सब दशार्ता है कि यह धर्म परिवर्तन नहीं, भारत को विचारों से बदलने का षड्यंत्र था।

मुस्लिम समुदाय की ओर से विदेशों से भारी फंडिंग होती रही, जिसका प्रयोग मस्जिदों, मदरसों, और कन्वर्जन केंद्रों को खड़ा करने में हुआ। इस कार्य में विदेशी एनजीओ, पाकिस्तानी फंडिंग नेटवर्क, और खाड़ी देशों से जुड़ी संस्थाओं की भूमिका जांच के घेरे में है। ह्नगजवा-ए-हिन्दह्न वह कट्टर इस्लामी अवधारणा है, जिसमें भारत को इस्लामी शासन के अधीन लाने का सपना पाले बैठे आतंकी गुट बार-बार इसे अपना लक्ष्य बताते रहे हैं। छांगुर गैंग इसी जहर को ह्यधर्मगुरुह्न की आड़ में बोता रहा. धर्मांतरण के बाद लोगों को भारत विरोधी विचारधारा से लैस किया गया। पाकिस्तान परस्त मौलानाओं से जुड़ी बैठकों के वीडियो, ऑडियो, और लेख प्राप्त हुए हैं, जो इस नेटवर्क के आतंकी कनेक्शन को इंगित करते हैं। स्थानीय मदरसों में कट्टरता, जिहाद और इस्लामी प्रभुत्व की शिक्षाएं बच्चों तक को दी जा रही थीं। जिन युवाओं ने झांसे में आकर मजहब बदला, उनमें से कई ह्यस्लीपर सेलह्न की भूमिका में आने लगे। हालिया इनपुट के मुताबिकः कई धर्मांतरित युवक नकली दस्तावेजों के साथ सरकारी योजनाओं का दुरुपयोग कर रहे थे। कुछ साइबर फ्रॉड, हवाला, और फेक आइडेंटिटी जैसे अपराधों से भी जुड़ चुके हैं।

आईबी और एटीएस की जांच में कई सबूतों से यह स्पष्ट हुआ है कि यह केवल धार्मिक नहीं, राजनैतिक और आतंकी उद्देश्यों की पूर्ति का माध्यम है। वर्षों से यह नेटवर्क सक्रिय था, लेकिन स्थानीय प्रशासन, खुफिया एजेंसियां और पुलिस आंख मूंदे बैठे रहे। धर्म की स्वतंत्रता के संवैधानिक अधिकार की आड़ में इस्लामीकरण की खेती होती रही। कुछ नेताओं और स्वयंभू सेक्युलर बुद्धिजीवियों की चुप्पी और समर्थन, इस गैंग को पनपने का खाद-पानी देते रहे। जांच एजेंसियों को शक है कि छांगुर गैंग का प्रतिबंधित इस्लामी संगठन पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) से भी जुड़ाव था. मकसदः गरीबों को लुभाना, धर्म बदलवाना और उन्हें भारत विरोध की शिक्षा देना। वॉट्सऐप ग्रुप्स और टेलीग्राम चैनल के माध्यम से कट्टर मजहबी संदेशों का प्रचार किया जा रहा था। विदेशी खाते, संदिग्ध हवाला ट्रांजेक्शन्स और ह्यबाबाह्न के ठिकानों से बरामद दस्तावेज इस कड़ी को और पुख्ता करते हैं।

बता दें, 23 जून को बाबा छांगुर द्वारा हजारों लोगों के नामांतरण की जानकारी मिली. 24 जून को उतरोला थाना क्षेत्र के मधपुर गांव में बाबा की विशाल कोठी देखने के बाद इस बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ. यह नेटवर्क पूरे भारत में फैला हुआ है और हजारों लोगों का धर्मांतरण करा चुका है. हरियाणा में 12 और 13 जुलाई को छांगुर गैंग के आमिर और उसकी बहन नेहा को गिरफ्तार किया गया है. पीड़ितों को विदेशों से भी धमकियां मिल रही हैं. खुफियां एजेंसियो के मुताबिक धर्मांतरण के इस देशव्यापी जाल में छांगुर ने 5000 से ज्यादा लड़कियों का धर्म परिवर्तन कराया है. 1000 मुस्लिम युवकों की फौज खड़ा कर लव जिहाद का खेल खेल रहा था। एटीएस और ईडी की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, छांगुर बाबा की सच्चाई परत-दर-परत बेनकाब होती जा रही है. धर्मांतरण के एक संगठित रैकेट से शुरू हुआ खुलासा अब आईएसआई कनेक्शन और राष्ट्रविरोधी साजिश तक पहुंच चुका है. छांगुर बाबा सिर्फ धर्म बदलवाने का खेल नहीं खेल रहा था, बल्कि हिंदुस्तान में सांप्रदायिकता का जहर खोलकर तोड़ने की साजिश भी रच रहा था. छांगुर बाबा ने धर्मांतरण के नाम पर जो नेटवर्क खड़ा किया था, उसी का इस्तेमाल कर वो पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से सीधा संपर्क साधने की कोशिश कर रहा था.

खुफिया एजेंसियों के मुताबिक नेपाल की राजधानी काठमांडू में पाकिस्तानी दूतावास में आईएसआई एजेंटों की एक गोपनीय बैठक हुई थी. इसमें छांगुर के नेपाल कनेक्शन के जरिए संपर्क की कोशिश की गई. हिंदू लड़कियों के धर्मांतरण के बाद आईएसआई एजेंटों से निकाह की साजिश छांगुर बाबा की योजना थी कि आर्थिक रूप से कमजोर हिंदू परिवारों की महिलाओं को फंसाकर उनका धर्मांतरण कराया जाए. फिर इनका निकाह नेपाल में आईएसआई के एजेंटो और स्लीपर सेल से करवा दिया जाए. ये महिलाएं बाद में जासूसी के नेटवर्क का हिस्सा बन सकें, इसके लिए बाकायदा कोडवर्ड सिस्टम भी विकसित किया गया था. छांगुर बाबा का नेटवर्क सिर्फ उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं था. छांगुर बाबा का जाल महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, बिहार और पश्चिम बंगाल तक फैला हुआ था. इस पूरे नेटवर्क को वो विदेशी फंडिंग के जरिए मजबूत करता रहा. एटीएस की पूछताछ में खुलासा हुआ है कि उसने लव जिहाद के लिए मुस्लिम युवकों की फौज तैयार की थी. बीते तीन वर्षों में 1000 से ज्यादा मुस्लिमों को इस काम के लिए कैश पेमेंट दी गई. नेपाल सीमा से सटे सात जिलों को टारगेट किया गया. बाबा का नेटवर्क लड़कियों को फंसाता, ब्रेनवॉश करता और फिर उनका धर्मांतरण कर निकाह करवा देता था. इसके लिए विदेशों से भारी मात्रा में फंड आता था. एटीएस की जांच में छांगुर बाबा द्वारा इस्तेमाल किए गए कोडवर्ड भी सामने आए हैं. जैसे कि लड़कियों को प्रोजेक्ट कहा जाता था. ब्रेनवॉश की प्रक्रिया को काजल करना कहा जाता था. किसी लड़की को बाबा से मिलाने को दीदार कराना कहा जाता था.

**छांगुर गैंग ने दिखा दिया कि धर्म के नाम पर कितनी गहरी साजिशें चल रही हैं। यह केवल आस्था पर हमला नहीं, भारत की सांस्कृतिक, सामाजिक और संवैधानिक संरचना को छिन्न-भिन्न करने की साजिश है। यह वह समय है, जब देश को आत्मिक पुनरावलोकन और निर्णायक एक्शन की जरूरत है। हमें तय करना होगा, छांगुर की सूफियाना माया के पीछे छिपे इस्लामीकरण के नाग को पहचानेंगे, या फिर एक दिन वह नाग हमारी सभ्यता को डस लेगा। यह घटना केवल बलरामपुर या उत्तर प्रदेश की नहीं, यह पूरे भारत की अस्मिता पर हमला है। जब तक ह्यधर्मांतरणह्न को मजहबी स्वतंत्रता का आवरण मिलता रहेगा, तब तक गजवा-ए-हिन्द जैसे सपने पनपते रहेंगे, ऐसे में बड़ा सवाल तो यही है क्या धर्मांतरण विरोधी कड़े कानून पूरे भारत में लागू हों? क्या सभी धर्मगुरुओं की निगरानी, उनके फंडिंग स्रोतों की जांच हो? क्या धर्मांतरण के बाद की सामाजिक और मानसिक स्थिति का गहन अध्ययन हो? क्या सरकारी योजनाओं में फर्जी लाभार्थियों की शिनाख्त की जाएं? क्या गांव स्तर तक जागरूकता अभियान चलाकर सच्चाई उजागर की जाएं? क्या धर्म की आड़ में इस्लामी साजिश का वाहक है छांगुर गैंग? क्या यह गरीबों, दलितों और आदिवासियों की आस्था पर हमला नहीं है? क्या धर्म की आड़ में यह गैंग राष्ट्रविरोधी प्रयोगशाला है? क्या भारत के संविधान, संस्कृति और चेतना पर संगठित प्रहार नहीं है? क्या यह संभव है कि एक बाबा अकेले इतने बड़े क्षेत्र में काम कर रहा था?**

इसी तरह धर्मारण को मिट्टी पलटना कहा जाता था. इन कोड्स के जरिए बाबा और उसका गैंग आपस में बात करता था ताकि किसी को भनक न लगे. ईडी और एटीएस की पड़ताल में यह बात भी सामने आई है कि बाबा के पास विदेशों से करोड़ों की फंडिंग आई. जांच में अब तक 18 बैंक खातों की जानकारी मिली है. इनमें कुल 68 करोड़ रुपए जमा हुए. केवल तीनमहीनों में ही 3 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए. छांगुर बाबा की सबसे बड़ी राजदारनीतू वोहरा उर्फ नसरीन थी, जो खुद भी धर्म परिवर्तन कर इस साजिश का हिस्सा बनी. उसके खाते में अकेले चार महीनों में 14 करोड़ रुपए आए. उन्हें तुरंत निकाल भी लिया गया. वहीं, उसके पति नवीन वोहरा के खातों में भी 18 करोड़ रुपए की एंट्री मिली है. बाबा ने अपने नेटवर्क को कानूनी रूप देने के लिए चार अलग-अलग संस्था बना रखी थीं. इन्हीं संस्थाओं के जरिए फंडिंग होती थी. इसकी आड़ में राष्ट्रविरोधी साजिश का खाका तैयार किया जा रहा था. इस पूरे मामले में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेहद सख्त रुख अपनाया है. उन्होंने स्पष्ट कहा है कि विदेशों से आ रहे पैसे के जरिए भारत को तोड़ने की साजिश हो रही है. राज्य सरकार किसी भी कीमत पर इसे सफल नहीं होने देगी. फिलहाल छांगुर बाबा यूपी एटीएस की गिरफ्त में है. उत्तर प्रदेश में धर्मांतरण के कई मामले सामने आए हैं, जिनमें संगठित रैकेट के नेटवर्क को ध्वस्त किया गया है. छांगुर बाबा की गतिविधियां सिर्फ धर्मांतरण तक सीमित नहीं थीं, बल्कि वह क्षेत्रीय डेमोग्राफी को बदलने के मंसूबे पाले हुए थे. बीते कुछ सालों से यूपी के कई जिलों में संगठित रूप से धर्मांतरण की घटनाएं चैंकाने वाली हैं. यह गैंग लगभग 15 वर्षों से कार्य कर रहा था और इस दौरान इसने बड़ी संख्या में धर्मांतरण कराए हैं. जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा, जो कभी भीख मांगता था, ने न सिर्फ अवैध धर्मांतरण का एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय रैकेट चलाया, बल्कि 10 साल में अरबों की अवैध संपत्ति खड़ी कर ली. मुंबई से दुबई और यूपी के बलरामपुर से तुर्की तक फैले इस नेटवर्क के जरिए उसने 5000 से ज्यादा हिंदू और सिख लड़के लड़कियों का धर्मांतरण कराया. उसके 40 खातों में 100 करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन हुआ है और उसे पाकिस्तान, तुर्की, यूएई और सऊदी अरब जैसे देशों से फंडिंग मिलती थी धर्मांधरण की आड़ में धोखे और फॉरेंन फंडिंग का धंधा चला रहे छांगुर बाबा के नेटवर्क को लेकर कई खुलासे हो रहे हैं जो उसके काले कारनामों की पूरी कहानी बयां कर रहे हैं,

इस्लामिक इंडिया का सपनाः दस्तावेजी साक्ष्य

पकड़े गए मोबाइल, लैपटॉप व डिवाइसों से जो दस्तावेज मिले, उनमें उल्लेख हैः 2030 तक भारत के 30 जिलों को मुस्लिम बहुल बनाना. हर जिले में धार्मिक सेंटर. महिलाओं को टारगेट करो. तिलक, पूजा, आरती, सब बंद कराओ और कट्टरता के लिए धार्मिक अध्ययन, विदेश ट्रेनिंग यह सब दशार्ता है कि यह धर्म परिवर्तन नहीं, भारत को विचारों से बदलने का षड्यंत्र था। बलरामपुर के महदेईया, तुलसीपुर, नानपारा, चंदईपुर जैसे गांवों में दर्जनों ऐसे परिवार मिले हैं, जिन्होंनेः दबाव में आकर धर्म बदला, फिर भी आर्थिक स्थिति नहीं सुधरी, और जब उन्होंने विरोध किया तो धमकियां मिलने लगीं। एक पीड़ित ने बताया, पहले बाबा ने कहा हम गरीब हैं, अल्लाह का रास्ता अपनाओ तो सब मिलेगा। अब ना पुराना धर्म बचा, ना समाज। बोलने से डर लगता है। कई परिवारों को अब पुलिस सुरक्षा में रखा गया है, क्योंकि च्छाँगुर के गुर्गों द्वारा धमकी दी जा रही है. अगर बाबा के खिलाफ बोले तो अंजाम भुगतोगे।

पीड़ितों की कहानीः धर्म बदला, डर बढ़ा

लेकिन अब खुद उसके धर्मांतरण की शिकार बनी कई महिलाएं सामने आईं हैं, जिन्होंने अपनी आपबीती बताई, पीड़ित महिलाओं ने बताया कि कैसे उन्हें छांगुर बाबा ने अपने जाल में फंसाया और फिर कैसे उनका धर्म बदलवाया. धर्म परिवर्तन के लिए उसने बाकायदा एक रेट लिस्ट बना रखी थी. छांगुर बाबा 3 तरीकों से धर्मांतरण करवाता था. नीतू-जमालुद्दीन की अमीरी दिखाता, लव जिहाद के लिए मुस्लिम युवाओं को उकसाता. उसके इन 3 तरीकों में एक तरीका मुस्लिम युवाओं को हिंदू लड़की से शादी करने और फिर उसे इस्लाम कबूल करवाने का था। छांगुर के ह्नछलजालह्न में फंसीं युवतियों की आपबीती सुनकर इस वक्त हर कोई अचंभित है। पीड़िता ने बताया कि मुझे मारपीट कर बेहोशी की हालत में उतरौला ले जाया गया. कहा गया कि मेरा रूहानी इलाज किया जाएगा. छांगुर का गुर्गा फरमान मुझे सहारनपुर ले गया. वहां मुझे नकली नाम से अस्पताल में भर्ती करवाया गया. ये लोग सीधी कॉल नहीं करते थे. इंटरनेट कॉल के जरिए संपर्क में रहते थे. वे मुझे सऊदी लेकर गए थे. मैं ब्यूटीशन हूं, मुझसे कहा गया कि वहां अच्छी कंपनी में नौकरी लगवा दूंगा. वहां शादी कर सेटल हो जाएंगे. वहां जाकर पता चला कि यह हिंदू नहीं, मुस्लिम हैं. देवबंद, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर मिनी पाकिस्तान में इनका रैकट है.

दूसरी महिला ने बताया कि मेरे जो संपर्क में आया, उसने मुझे अपना नाम अमित बताया. उसका असली नाम अबू अमीर अंसारी था. उसने पूरी फैमिली को हिंदू बताकर मुझसे मिलवाया. छांगुर बाबा से मेरी 2019 में मेरी मुलाकात चांद औलिया दरगाह पर हुई, जहां का माहौल बड़ा अजीब था. वहां सिर्फ महिलाएं थी और उनका ब्रेनवॉश कराया जा रहा था. जिन्होंने मुझे अपने जाल में फंसाया, उसके पिता ने ही 10 से ज्यादा का धर्म परिवर्तन कराया है. उनको जब तक पकड़ा नहीं जाएगा तब तक खुलासे नहीं होंगे. अभी तो इस मामले में 50 फीसदी भी कार्रवाई नहीं हुई है. इस गैंग का अभी तो सरगना गिरफ्तार हुआ है बाकि जो इस गैंग को चला रहे हैं वो तो अभी तक खुले घूम रहे हैं. सभी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए, छांगुर बाबा की प्रोपर्टी अपने नाम पर नहीं है, उसने ज्यादातर प्रोपर्टी दूसरों के नाम पर ली है. वो दूसरों के नाम से सारा खेल खेल रहा है. कोई भी सरगना अपने आप से खेल नहीं खेलता है. फंडिंग हुई है, और रेट तय किया गया है. फंडिंग का पैसा किसी भी पीड़िता को नहीं मिला. ये पैसा हवाला के जरिए आता है. नेपाल से आता है, इसमें नेपाल का बहुत बड़ा सहयोग है. लखनऊ के अंदर मैंने वो जगह बताई है, किस जगह से पैसा आता है कहां से लिया जाता है.

तीसरी पीड़ित ने बताया कि उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है. औरैया की रहने वाली युवती ने बताया कि वो रूद्र बनकर मेरी मम्मी को 2019 में पापा की शराब छुड़वाने के लिए मिला था. इसके बाद हम छांगुर बाबा से मिले. छांगुर ने एक ताबीज दिया और दुआ पढ़ी. रूद्र की बहन मेरे घर पर नाम बदलकर आती जाती थीं. 2024 में उसने कहा कि बाबा कानपुर आए हैं, उनसे मिल लो. हम उसके साथ चले गए. वह मुझे फतेहपुर मस्जिद में ले गया. मेरे साथ जबरन निकाह किया गया. तब मुझे पता चला कि उसका नाम मेराज अंसारी है. वीडियो कॉल पर छांगुर बाबा भी था. उन्होंने मेरा नाम जैनब रखा. सबा नाम की औरत को मेरी नकली मां बनाया था. तीन महीने तक मुझे बंधक रखा गया. वह फोन पर 2047 तक भारत को इस्लामिक मुल्क बनाने की बात करता था. उसके बड़े पापा पाकिस्तान में रहते हैं. मुझे वहां भेजने की बात भी करते थे.

कानून, संवैधानिकता

भारत का संविधान स्वतंत्रता देता है, भ्रमित करने का अधिकार नहीं। धर्मांतरण तब वैध हो सकता है जब वह स्वेच्छा और समझ के साथ हो। परंतु लालच, भय, मानसिक दबाव और संगठित नेटवर्क से कराया गया धर्म परिवर्तन संवैधानिक अपराध है।

जरूरी कदम

धर्मांतरण विरोधी कानून को केंद्रीय स्तर पर मजबूत बनाया जाए। हर राज्य में धार्मिक स्वतंत्रता निगरानी आयोग बने। विदेशी फंडिंग पर डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम लागू हो। पीड़ितों के लिए पुनर्वास और मानसिक परामर्श तंत्र बने। क्योंकि धार्मिक स्वतंत्रता भारत की आत्मा है, लेकिन संगठित धर्मांतरण उसकी हत्या। छांगुर गैंग जैसी घटनाएं कोई अपवाद नहीं, प्रायोजित प्रयोग हैं। यदि आज हम इनका पदार्फाश नहीं करेंगे, तो कल बेटियों, संस्कारों और समाज की नींव छिन जाएगी। यह समय है, देश को चेताने का। धर्म की रक्षा नहीं, भारत की चेतना की रक्षा करें। भारत के नागरिकों, विशेषकर युवाओं को यह समझना होगा कि धर्मांतरण कभी भी स्वतंत्रता नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और सामूहिक चेतना का विषय है।

राज्य संभावित गतिविधियां यूपी ाlरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, गोंडा जेसे संवेदनशील जोन बिहार सीमांचल क्षेत्र कट्टरता के लिए जाना जाता है पश्चिम बंगाल बांग्लादेशी घुसपैठ से जुड़े लिंक केरल फंडिंग व विचारधारा प्रशिक्षण का केंद्र दिल्ली संपर्क बिंदु, पीएफआई लॉबी सक्रिय विदेशी फंडिंग और स्लीपर मॉड्यूल का शक रिपोर्ट्स के अनुसार, कुछ मानव सेवा के नाम पर रजिस्टर्ड एनजीओ इस नेटवर्क का वित्त पोषण कर रहे थे। यूएई, मलेशिया, और कतर जैसे देशों से हवाला मार्ग से पैसा भारत लाया गया, जिसे सामाजिक कार्यों की आड़ में इस्तेमाल किया गया। अब खुफिया एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि कहीं यह नेटवर्क स्लीपर सेल या कट्टरपंथी वैचारिक प्रशिक्षण का अड्डा तो नहीं।

